# कौशल विकास और गांधी दर्शन पर कार्यक्रम आयोजित

सच प्रतिनिधि || भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) तथा खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में 'कौशल विकास की भारतीय चेतना और गांधी दर्शन' विषय पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन एसजीएसयू के वनमाली सभागार में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक विनीत वर्मा, विशिष्ट अतिथि तुमुल सोशल फंडामेंटल डेवलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष अमर सिंह चौहान एवं अतिथि आईसेक्ट के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विकास प्रबंधक मुकेश शर्मा मौजूद रहे। साथ ही कार्यक्रम के अन्य अतिथियों में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के



कुलगुरू डॉ. अजय भूषण, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, डीन ह्यूमेनिटीज संकाय डॉ. टीना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य वक्ता विनीत वर्मा ने बताया कि गांधी जी के दर्शन पर बात करते हुए बताया कि खादी ग्रामोद्योग विभाग उनके विचारों को लेकर आगे बढ़ रहा है। इसी कारण खादी के साथ ही शहद पालन, माटी कला को भी स्टूडेंट और आम जन मानस में प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीम्स की जानकारी दी और स्टूडेंट को आगे आकर स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित किया। वहीं अतिथि अमर सिंह चौहान और मुकेश वर्मा ने गांधी के विचारों और आज की प्रासंगिकता पर छात्रों का ज्ञानवर्धन किया।

इससे पहले एसजीएसयू के कुलगुरू डॉ. अजय भूषण ने स्वागत वक्तव्य में सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी का परिचय दिया। वहीं, एसजीएसयू के कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा ने कहा कि कौशल विकास के जरिए छात्रों के लिए ग्रामोद्योग के क्षेत्र स्वरोजगार के बड़े अवसरों की संभावनाएं हैं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी से हिना अरशद द्वारा किया गया।

## सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय और शिखर सम्मान देगी मप्र सरकार

सच प्रतिनिधि || भोपाल

सम्राट विक्रमादित्य के नाम से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान और शिखर सम्मान दिया जायेगा। सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान की सम्मान राशि 11 लाख रूपये होगी। वहीं सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान में 2 लाख रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। शिखर सम्मान प्रादेशिक होगा। शिखर सम्मान प्रतिवर्ष तीन प्रतिष्ठित संस्था एवं व्यक्तियों को प्रदान किये जायेंगे। पहली श्रेणी न्याय, दानशीलता, वीरता, सुशासन, राजनय, शौर्य होगी। दूसरी श्रेणी में खगोल विज्ञान, ज्योतिष विज्ञान तथा प्राच्य वांग्मय विषय को सम्मिलित किया गया है और तीसरी श्रेणी में रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य करने वाली संस्था या व्यक्ति को सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका भी प्रदान की जायेगी।

महाराजा विक्रादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याय, दानशीलता, वीरता, सुशासन, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, प्राच्य वांग्मय, राजनय, आध्यात्मिक क्षेत्र, रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जायेगा। यह अलंकरण मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा स्थापित किया गया है। विभिन्न व्यक्तियों, संस्थाओं, समाजशास्त्रियों, बुद्धिजीवियों, लेखकों, समीक्षकों, पत्रकारों से सम्मान के लिए अनुशंसा/नामांकन की प्रविष्टियां आमंत्रित की जायेगी। सम्मान का चयन प्रतिवर्ष उच्च स्तरीय निर्णायक समिति के माध्यम से किया जायेगा। चयन समिति में देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित समाजसेवी, बुद्धिजीवियों, समाजशास्त्रियों, लेखकों, पत्रकारों एवं विशेषज्ञों को शामिल किया जायेगा।

## राष्ट्रीय गणित सप्ताह 23 से

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के अंतर्गत आर के डी एफ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल द्वारा राष्ट्रीय गणित सप्ताह 2024 का 23 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), डीएसटी, भारत सरकार, नई दिल्ली और एम.पी. विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) भोपाल द्वारा उत्प्रेरित और समर्थित। कार्यक्रम के संयोजक इंजीनियरिंग विभाग के डीन डॉ. अशोक कुमार झाला, द्वारा छात्रों को राष्ट्रीय गणित सप्ताह की विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें प्राचीन भारतीय गणित एवं रामानुजन, गणितिय फोबिया हटाने की प्रक्रिया एवं भारतीय ज्ञान परंपरा व गणित पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन, गणित पहेली, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर , रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी।इस अवसर पर भाभा विवि के प्रति कुलपति डॉ. एनके अग्रवाल, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार शुक्ला, कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ. रजनीश गेडाम और मुकेश पांडे उपस्थित रहे।

## शहीद भवन में नाटक 'पुरुष' का मंचन

सच प्रतिनिधि || भोपाल

एक युवती, एक व्यक्ति के सिर पर वाइन बॉटल मारती है, जिससे उसके सिर में से खून निकलने लगता है। कल नाटक 'पुरुष' के मंचन के दौरान यह नजारा दिखने को मिला। शहीद भवन में करुणेश नाट्य समारोह की शुरुआत हुई। पहले दिन नाटक 'पुरुष' का मंचन किया गया। जयवंत दलवी द्वारा लिखित इस मराठी नाटक का हिंदी रूपांतरण ज्योति सावरीकर ने किया एवं परिकल्पना और निर्देशन आदर्श शर्मा 'चिंटू' का रहा। नाटक में बॉटल वाला एक्शन सीन दिखाने के लिए फिल्मों में यूज होने वाली शुगर बॉटल और नकली खून का उपयोग किया गया। वहीं, नाटक में 8 आर्टिस्ट मंच पर नजर आए, यह सभी कलाकार पूर्व में कई फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। इसके साथ ही नाटक में मंच पर भारी- भरकम सेट का इस्तेमाल किया गया। इसमें एक तरफ मिडिल क्लास फैमिली का घर नजर आता है तो वहीं दूसरी ओर अमीर व्यक्ति का हवेलीनुमा घर का सेट तैयार किया गया। नाट्य प्रस्तुति के दौरान मंच के पीछे से 8 आर्टिस्ट्स लाइट के बंद होते ही अंधेरे में सिर्फ 20 सेकंड में मंच को मूव कर देते थे। नाटक में दिखाया कि हम वैसे तो मानवीय मूल्यों और स्त्री स्वातंर्त्य की बड़ी- बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जब स्त्री पर कोई विपरीत परिस्थिति आ जाती है, तो सब दूर हो जाते हैं।

## साउंड ऑफ साइलेंस का आयोजन

सच प्रतिनिधि || भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा विश्व ध्यान दिवस 2024" के अवसर पर साउंड ऑफ साइलेंस का आयोजन संग्रहालय के चरेवेती मुक्ताकाश मंच पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक शांति, आंतरिक संतुलन और ध्यान की शक्ति को अनुभव कराना है। प्रकृति की गोद में खुली हवा के मंच पर आयोजित यह कार्यक्रम आपको एक ऐसी यात्रा पर ले जाएगा जो न केवल आपके मन को शांत करेगी बल्कि आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेगी। यह कार्यक्रम उन सभी के लिए है जो अपनी ब्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर मानसिक शांति के तलाश में है। साथ ही मानव संग्रहालय एव सशत्र सीमा बल भोपाल के सहयोग से संग्रहालय के वीथी संकुल प्रांगण में प्राक्रम के पथिक नामक 2 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे सशस्त्र सीमा बल के गौरवशाली इतिहास, योगदान और उपलब्धियों के बारे में जनमानस को जानकारी देना। यह प्रदर्शित करना कि सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्रों में न केवल सुरक्षा का कार्य करता है, बल्कि समाज और संस्कृति के कल्याण में भी योगदान देता है। नागरिकों, छात्रों और शोधार्थियों को सशस्त्र सीमा बल के कार्यों और भारतीय संस्कृति से जोड़ना। सशस्त्र सीमा बल और आम नागरिकों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाना। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा पीढ़ी को राष्ट्र सेवा और भारतीय संस्कृति की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया है।

# सच ग्लैमर

## अब 9 जनवरी को ओटीटी पर दस्तक नहीं देगी पुष्पा-2

### उत्तर भारत के सिनेमाघरों से हटी

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस वक्त पूरे भाकत समेत पूरी दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर रूल कर रही है। फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने पहले दिन से ही दर्शकों के बीच गदर काट रखा है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्ते से ज्यादा का समय हो चुका है, लेकिन फिल्म की कमाई में कमी देखने को नहीं मिल रही है। फिल्म ने इन 17 दिनों में भारत में 1000 करोड़ और दुनियाभर में 1500 करोड़ की कमाई कर ली है। भारी संख्या में फैंस की भीड़ सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने के लिए उमड़ रही है, लेकिन कुछ ऐसे भी फैंस हैं, जिन्होंने अभी तक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देखा है। ऐसे में वो फैंस इस फिल्म के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने का इंतजार कर रहे हैं।

हाल ही में इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को लेकर खबर आई थी कि फिल्म अगले साल 9 जनवरी, 2025 को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। इसी बीच फिल्म के मेकर्स ने इन खबरों को खारिज करते हुए एक्स हैंडल पर एक जरूरी अपडेट दिया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। पुष्पा 2 द रूल के प्रोडक्शन हाउस, माइथ्री मूवीज ने हाल ही में अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) हैंडल पर ये साफ किया है कि फिल्म 56 दिन के बाद ही ओटीटी पर उपलब्ध होगी। उन्होंने लिखा, पुष्पा 2 के ओटीटी रिलीज को लेकर अफवाहें फैल रही हैं। सबसे बड़ी फिल्म पुष्पा 2 को इस बड़े छुट्टी के मौसम में केवल बड़े पर्दे पर ही देखें। ये 56 दिनों तक ओटीटी पर नहीं आएगी!

अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की ये एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 द रूल ने महज 10 दिनों के अंदर कई बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस साल 2024 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी। फिर बावजूद इन सबके इस फिल्म को उत्तर भारत के सिनेमाघरों से हटा दिया गया। इस खबर ने अल्लू अर्जुन के फैंस को हैरान कर दिया। हर किसी के मन में इस सवाल ने घर कर लिया और हर कोई इसे पीछे की वजह जानना चाहता है। सुकुमार के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को कई भाषा में रिलीज किया गया था। जहां इस फिल्म को सबसे ज्यादा प्यार हिंदी सिनेमा प्रेमियों की ओर से मिला। लेकिन



Mythri Movie Makers
@MythriOfficial · फ़ॉलो करें

There are rumours floating around about the OTT release of #Pushpa2TheRule

Enjoy the Biggest Film #Pushpa2 only on the Big Screens in this Biggest Holiday Season ♥

It won't be on any OTT before 56 days!

It's #WildFirePushpa only in Theatres Worldwide 🔥

हाल ही में फिल्म के निर्माता और निर्देशक सुकुमार को पीवीआर आईनॉक्स के साथ विवाद का सामना करना पड़ा है। इस विवाद के बाद थिएटर चेन ने उत्तर भारत से पुष्पा 2 के सभी शो हटाने का फैसला किया है। ये खबर गुरुवार रात को साउथ फिल्मों के ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने अपने एक्स हैंडल पर दी और बताया कि ब्रेकिंग पुष्पा 2 को कल से उत्तर भारत में सभी पीवीआर आईनॉक्स चेन से हटा दिया गया। इस खबर ने अल्लू अर्जुन के फैंस के बीच हलचल मचा दी। इसके कुछ ही घंटों बाद उन्होंने एक और ट्वीट कर बताया कि मामला सुलझ गया है। उन्होंने लिखा, ब्रेकिंग पुष्पा 2 और पीवीआर-आईनॉक्स के बीच समझौता हो गया है। साथ ही उन्होंने बताया, अब पुष्पा 2 के शोज धीरे-धीरे शुरू हो रहे हैं। बता दें, ये फिल्म अपनी रिलीज के पहले से ही विवादों से घिरी रही है और अब जब फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्ते हो चुके हैं, तब भी फिल्म किसी न किसी विवाद में फंस ही रही है। बता दें, इस फिल्म ने हिंदी वर्जन में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिसने दो हफ्तों में 600 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म ने दुनियाभर में 1,508 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। कथित तौर पर, फिल्म ने अब तक 1,508 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।






## ब्लैक ड्रेस में रकुल प्रीत को मात दे गईं डायना, दिखाया किलर अंदाज

रकुल प्रीत सिंह और डायना पेंटी मुंबई में हुए फैशन शो में ब्लैक ड्रेस में बला की खूबसूरत और स्टाइलिश लुक में पहुंचीं। एक्ट्रेस की ये फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें दोनों एक दूसरे को ब्लैक ड्रेस में कड़ी टक्कर देती दिखीं।

रकुल इस इवेंट में ब्लैक कलर का ऑफ शोल्डर गाउन पहनकर पहुंचीं। इस ड्रेस के साथ रकुल ने बालों की पोनी बनाई और सटल मेकअप के साथ कैमरे में जमकर पोज दिए। रकुल का ये लुक मिनटों में छा गया। रकुल के साथ इस इवेंट में डायना पेंटी भी मौजूद थीं। एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर के शॉर्ट्स के साथ टॉप पहना। इसके साथ ही ओपन हेयर और सटल मेकअप के साथ बड़ी सी स्माइल में जमकर पोज दिए जो फैंस को खूब पसंद आए। डायना और रकुल का ये ब्लैक लुक काफी किलर है। इस लुक में ये दोनों हसीनाएं फैशन शो में एक दूसरे के कड़ी टक्कर देती दिखीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल आखिरी बार स्क्रीन पर कमल हासन के साथ इंडियन 2 में नजर आई थीं। वहीं, खबरों की मानें तो अजय देवगन के साथ दे दे प्यार दे के दूसरे पार्ट में भी नजर आएंगीं। वहीं, डायना आखिरी बार अद्भुत में नजर आई थीं। ये फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी।



## 8 साल के हुए तैमूर, बुआ सोहा ने यूं लुटाया प्यार

करीना कपूर और सैफ अली खान के बेटे तैमूर अली खान के आठवें जन्मदिन पर कल उनकी बुआ सोहा अली खान ने बर्थडे बॉय और अपनी बेटी इनाया के साथ एक दिल को छू लेने वाला वीडियो शेयर किया। कल सोहा ने एक प्यारा सा वीडियो पोस्ट किया, जिसमें तैमूर अपनी बहन इनाया के साथ मस्ती भरे पल बिताते नजर आ रहे हैं। सोहा ने पोस्ट को कैप्शन दिया, बिस्तर पर कूदने से लेकर फ़्रीस्टाइल रेसिंग तक, हमने एक लंबा सफर तय किया। परिवार, भोजन और उपहारों का एक जीवन है! जन्मदिन मुबारक हो, टिम भाई।

## सच अलर्ट



प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स के लिए देश के विभिन्न संस्थानों द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप, अवार्ड और प्रतियोगिताओं की जानकारी अब buddy4study के सहयोग से सच एक्सप्रेस पर। आवेदन के लिए लिंक करें
www.buddy4study.com

### एसडीईएफ 'श्रीमती श्याम लता गर्ग' इंडिया स्कॉलरशिप्स 2024-25

- विवरण: स्वामी दयानंद शिक्षा फाउंडेशन की यह पहल उन छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए है जो इंजीनियरिंग, मेडिकल, आर्किटक्चर आदि जैसे प्रोफेशनल कोर्सेस या अन्य स्नातक कार्यक्रमों में अध्ययनरत हैं।
- मानदंड: भारतीय छात्र जो इंजीनियरिंग, मेडिकल, आर्किटक्चर आदि प्रोफेशनल कोर्सेस या अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं, चाहे वह सरकारी अथवा निजी शैक्षणिक संस्थान हों। आवेदक द्वारा कक्षा 12 में सीबीएसई बोर्ड में कम से कम 80 प्रतिशत अंक या अन्य बोर्डों में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। दूसरे वर्ष के छात्रों के लिए कम से कम 8.0 का सीजीपीए होना अनिवार्य है। आवेदकों की वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- इनाम/लाभ: 50,000 की छात्रवृत्ति उन छात्रों के लिए है जिनकी ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 2500 से कम है। रुपए 40,000 की छात्रवृत्ति उन छात्रों के लिए है जिनकी एआईआर रैंक 2501 से 5000 के बीच है। रुपए 30,000 की छात्रवृत्ति उन छात्रों के लिए है जिनकी एआईआर रैंक 5001 से 7500 के बीच है। रुपए 20,000 की छात्रवृत्ति उन छात्रों के लिए है जिनकी एआईआर रैंक 7500 से अधिक है। इसके अलावा, गैर-तकनीकी कोर्स (जैसे बीए, बीएससी, बी कॉम, बीबीए आदि) कर रहे छात्रों को रुपए 10,000 की अतिरिक्त छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
- अंतिम तिथि: 31-12-2024
- आवेदन कैसे करें: इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन लिंक: www.bys.in/sach/SDEF-SL1
- QR Code: https://d2w7l1p59qkl0r.cloudfront.net/static/images/scho-media/2024-251732856010.png

### अमेज़न फ्यूचर इंजीनियर स्कॉलरशिप 2024-25

- विवरण: अमेज़न फ्यूचर इंजीनियर स्कॉलरशिप, अमेज़न की एक पहल है जिसका उद्देश्य विशेषत: भारत की शैक्षणिक प्रतिभाशाली और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के जीवन को परिवर्तित करना है, उनकी इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान और संबंधित पेशेवर शिक्षा तक पहुंच को सुलभ बनाना तथा सहयोग प्रदान करना है।
- मानदंड: प्रथम वर्षीय भारतीय छात्राएं आवेदन की पात्र हैं, जो वर्तमान में कंप्यूटर विज्ञान या इससे संबंधित क्षेत्र में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बी.ई.) या बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक.) पाठ्यक्रम में नामांकित हैं। आवेदक भारतीय नागरिक होनी चाहिए और उन्होंने 2022 के बाद अपनी उच्चतर माध्यमिक परीक्षाएं (सीबीएसई, आईएससी या समकक्ष) उत्तीर्ण की हों। प्रवेश राज्य या राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होना आवश्यक है, और आवेदक के परिवार की वार्षिक आय रुपए 3,00,000 से कम होनी चाहिए।
- इनाम/लाभ: स्नातक पूरा होने तक प्रति वर्ष रुपए 50,000 एवं अन्य लाभ
- अंतिम तिथि: 31-12-2024
- आवेदन कैसे करें: इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन लिंक: www.bys.in/sach/AFES2
- QR Code: https://d2w7l1p59qkl0r.cloudfront.net/static/images/scho-media/2024-251732602096.png

### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ईसीएसएस प्रोग्राम 2024-25

- विवरण: एचडीएफसी बैंक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर स्तर तक अध्ययनरत छात्रों से आवेदन आमंत्रित करता है। यह छात्रवृत्ति समाज के वंचित वर्गों से आने वाले मेधावी और जरूरतमंद छात्रों का समर्थन करती है।
- मानदंड: यह छात्रवृति सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए ही उपयुक्त है। 1 से 12वीं कक्षा अथवा डिप्लोमा, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, पूर्वस्नातक या स्नातकोत्तर (सामान्य एवं पेशेवर) पाठ्यक्रम में अध्ययनरत होना अनिवार्य है। छात्रों द्वारा पिछली योग्यता परीक्षा में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है तथा उनकी वार्षिक पारिवारिक आय रुपए 2.5 लाख से कम या उसके बराबर होनी चाहिए। आवेदक जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में व्यक्तिगत या पारिवारिक संकट का सामना किया हो तथा शिक्षा का खर्च उठाने में असमर्थ होने के कारण शिक्षा छोड़ने का निर्णय लिया हो, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
- इनाम/लाभ: अधिकतम रुपए 75,000 तक की राशि
- अंतिम तिथि: 31-12-2024
- आवेदन कैसे करें: इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन लिंक: www.bys.in/sach/HDFC54
- QR Code: https://d2w7l1p59qkl0r.cloudfront.net/static/images/scho-media/2024-251731991702.png